सच कहने का साहस और सलीका
राज एक्सप्रेस


Clip Article Image View Comments Email Print
SHARE

Published in 19 Dec-2018 print edition of Raj Express

# 5-जी तकनीक से स्मार्ट सिटी के सपने को साकार करना होगा आसान

**इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क**

आईआईटी इंदौर द्वारा इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स (आईट्रिपलई) की इंटरनेशनल कांफ्रेंस में टेक्निकल सेशन में एक्सपर्ट ने नेटवर्किंग, सिक्युरिटी, कम्युनिकेशन पर हो रही रिसर्च के बारे में विस्तार से चर्चा की। एडवांस नेटवर्क एंड टेलिकम्युनिकेशन सिस्टम पर कांफ्रेंस





आयोजित की जा रही है।

कांफ्रेंस के माध्यम से इंडस्ट्री और एकेडमी के बीच का गैप दूर कर एकेडमिक रिसर्च, इंडस्ट्री इनिशिएटिव और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी मुहैया करवाना है। इस दौरान पैनल डिस्कशन, कीनोट्स, इनवाइटेड टाक्स और इंडस्ट्री एक्जिबिट खास है। एक्सपर्ट ने टेक्नोलॉजी को स्मार्ट सिटी से जोड़कर भी बताया। बताया गया कि किस तरह देश में बन रही स्मार्ट सिटी में ट्रैफिक, पानी की निकासी, कचरा प्रबंधन और जगह-जगह फैले बिजली के तार बड़ी समस्या है। बताया गया कि आने वाली 5-जी तकनीकी से स्मार्ट सिटी के सपने को साकार करना आसान होगा। साथ ही बताया गया कि इंटरनेट कनेक्टिविटी से हर व्यक्ति जुड़ने के बाद सरकार की सभी योजनाएं सीधे व्यक्तियों के पास आसानी से पहुंच जाएगी वर्तमान में कई तरह की योजनाओं में मीडिएटर होते है।

अधिकारी डाटा को क्रॉस चेकर करते हैं और आवेदन अप्रूव होने के लिए सीनियर के पास भेजते है लेकिन टेक्नोलॉजी का एडवांस मॉडल आने के बाद आधार नंबर के द्वारा व्यक्ति सीधे सरकारी विभागों के संपर्क में आ जाएगा। सफाई, पानी, ड्रेनेज, लोन समेत अन्य कई कामों में भी इंटरनेट यूजर सीधे उच्च स्तर पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। कांफ्रेंस में करीब 200 प्रतिभागियों और 15 इंडस्ट्री के सदस्य शामिल हुए।